एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

अंतरराष्ट्रीय व्यापार एक्सपो में सोमवार को अतिथियों को सम्मानित भी किया गया।

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने में एक ट्रिलियन डालर का योगदान उत्तर प्रदेश का होगा। उत्तर प्रदेश इस रास्ते पर काफी आगे बढ़ चुका है। यह बात गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कही। वह सोमवार को गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पीएचडीसीसीआई द्वारा आयोजित पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो (यूपीटेक्स) के समापन सत्र कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार द्वारा बनाए गए उद्योगों के लिए अनुकूल नीति 2027 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाएगी।

अगला यूपीटेक्स 2025 में होगा

पीएचडीसीसीआई के यूपी स्टेट चैप्टर के रीजनल डायरेक्टर अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदर्शनी में करीब 1.25 लाख लोग आए। यूपीटेक्स 2025 का तीसरा संस्करण अगले वर्ष 23 से 27 जनवरी 2025 तक आयोजित होगा।